NPML
# Neeraj Paper Marketing Ltd.
CIN : L74899DL1995PLC066194
Regd. Office : 218-222, Aggarwal Prestige Mall, Road No. 44, Near M2K Cinema,
Pitam Pura, Delhi-110034, Ph.: (91-11) 47527700 Fax: 011-47527777
E-mail: accounts@neerajpaper.com • Website : www.neerajpaper.com

05/12/2017

SCRIP CODE: 539409

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai – 400001

**Ref: Regulation 29 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulation)**

**Subject: Newspaper clipping of the notice of Board Meeting**

Dear Sir/Madam,

In Compliance with the provision of Regulation 29 of Listing Regulation, we submit herewith the newspaper clipping of the notice of Board Meeting for consider, approve and take on record the Unaudited financial Result for the quarter & half year ended 30/09/2017 published in "The Pioneer" and "Veer Arjun" dated 05/12/2017.

This is for your information & records.

Thanking You,

Yours faithfully,
**For Neeraj Paper Marketing Limited**

Vaishali M.

Vaishali Mathpal
Company Secretary

NEERAJ PAPER MARKETING LIMITED DELHI

Copy To:
1. Ahmadabad Stock Exchange Ltd.

**Mumbai Office :** F-38, Nand Dham Udyog Premises Co-Op. Society Ltd.
Marol Maroshi Raod, Marol, Andheri (East) Mumbai-400059
Phone : 022-29201746

AN ISO 9001:2000 Company

Scanned by CamScanner

[redacted]

# दिल्ली वालों को सांस लेने के अधिकार से वंचित कर रही केन्द्र और दिल्ली सरकार : थरूर

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। ऑल इंडिया प्रोफेशलस् कांग्रेस के चैयरमेन डा0 शशी थरुर ने प्रोफेशलस् कांग्रेस के दिल्ली चैप्टर के द्वारा दिल्ली में वायु प्रदूषण पर श्वेत पत्र जारी करते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों को सांस लेने का अधिकार है परंतु केन्द्र एवं दिल्ली सरकार हमें सांस लेने के अधिकार से वंचित कर रही है।

यह श्वेत पत्र दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय माकन निर्देश पर दिल्ली प्रोफेशनल कांग्रेस ने पूरे भारत के प्रोफेशनल कांग्रेस के सदस्यों व विशेषज्ञों की सहायता से बनाया है जिसमें दिल्ली के वायु प्रदूषण को लेकर चल रहे संकट के हल के लिए दीर्घकालीन व लघुकालीन उपायों को सम्मलित किया है। श्री थरुर ने कहा कि श्वेत पत्र में दिल्ली के वायु प्रदूषण को लेकर समस्याओं व उनके समाधानों का विवरण विस्तृत रुप से दिया है।

प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाताओं को

[redacted]

सम्बोधित करते हुए श्री शशी थरुर ने कहा कि दिल्ली का वायु प्रदूषण इतना भयावह है कि श्रीलंका की क्रिकेट टीम को मैच खेलने में बहुत तकलीफ हो रही थी। जिसके कारण वे 11 प्लेयर भी फिरोजशाह कोटला में होने वाले मैच में दे पाए। उन्हांने कहा कि आज के प्रदूषण की दिल्ली की स्थिति हमें 20 साल पहले की याद दिलाती है जिस समय आस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम को वायु प्रदूषण के कारण फिरोजशाह कोटला मैंदान में क्रिकेट खेलने में परेशानी हुई थी। दिल्ली की कांग्रेस सरकार ने दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बसों को सीएनजी में बदलने का कार्य बहुत जल्द ही पूरा कर लिया था। आज के संवाददाता सम्मेलन में ऑल इंडिया प्रोफेशलस् कांग्रेस के चैयरमेन डा0 शशी थरुर, प्रोफेशनल कांग्रेस के उतरी क्षेत्र के प्रभारी श्री सलमान सोज़, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता श्रीमती शर्मिष्ठा, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस दिल्ली चैप्टर के चैयरमेन श्री अमन पंवार, प्रवक्ता पूजा बाहरी, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री योगेश सचदेवा, सचिव यासमीन किदवई, श्री चतर सिंह मौजूद थे। श्री थरुर ने कहा कि आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में हमारे लिए एक विशेष दिन है क्यांकि ''नई पीढ़ी को कमान देने की शुरुआत हुई''। श्री थरुर ने यह बयान कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री राहुल गांधी द्वारा आज कांग्रेस अध्यक्ष पद के नामांकन भरने को लेकर दिया।

श्री थरुर ने दिल्ली के वायु प्रदूषण पर कहा कि दिल्ली में वायु की गुणवत्ता को लेकर एक एतिहासिक आपातकाल है और इससे निजात पाने के लिए केन्द्र व दिल्ली की सरकार, उद्योगपतियों, व्यापारियों नागरिकों व समाज के विभिन्न वर्गों के द्वारा इस ओर सकारात्मक कार्य करना पड़ेगा।

ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस दिल्ली चैप्टर के चैयरमेन श्री अमन पंवार ने कहा कि जिस समय भाजपा की केन्द्र सरकार और केजरीवाल की दिल्ली सरकार दिल्ली के वायु प्रदूषण को लेकर एक दूसरे पर छीटाकशी कर रहे थे उस समय दिल्ली प्रोफेशनल कांग्रेस ने दिल्ली के वायु प्रदूषण पर विशेषज्ञों की मदद से श्वेत पत्र बनाया । उन्होंने कहा कि हम इस श्वेत पत्र को केन्द्र व दिल्ली दोनो सरकारों को भेज रहे है ।

# सांसद महेश गिरी ने शुरू की ऑफिस ऑन व्हीलस योजना

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से सांसद महेश गिरी ने अपने क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए ऑफिस ऑन व्हीलस शरूआत कर एक नई मिसाल कायम की है। सांसद महेश गिरी ने ऑफिस ऑन व्हीलस की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर, 2017 को की। ऑफिस ऑन व्हीलस के माध्यम से अब उनका कार्यालय पूरे लोकसभा क्षेत्र में अब उनके साथ ही साथ चलता है।

[redacted]

सांसद महेश गिरी ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्र है। कई बार ऐसा होता है कि दूर के निवासियों को विवेक विहार स्थित मेरे कार्यालय पंहुचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह परेशानी मुख्य रूप से बुजुर्गों व महिलाओं को होती है। इसी समस्या को ध्यान में रखकर मेंने ऑफिस ऑन व्हीलस की शुरु आतकी है। सांसद महेश गिरी ने ऑफिस ऑन व्हीलस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब जहां पर भी बैठक, दौरा या अन्य कार्यक्रम किए जाएगें वहां मेरा कार्यालय मेरे साथ चलेगा। इसके द्वारा जनता या अधिकारियों को मौके पर ही पत्र द्वारा लिखित रूप से कार्यवाही हेतु कहा जाएगा। उन्होंने कहा ऑफिस ऑन व्हीलस सिर्फ और सिर्फ जनता की सुविधा और हित को ध्यान में रखकर आरम्भ किया गया है। ऑफिस ऑन व्हीलस के माध्यम से अब तक छोटी-बड़ी बहुत सी समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। ऑफिस ऑन व्हीलस सांसद ने कहा है कि वह क्षेत्र में जहां भी ऑफिस ऑन व्हीलसकेसाथ जा रहें वहां स्थानीय जनता का अपार स्नेह मिल रहा है। सभी सांसद के इस नए व अनूठे प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे है।

## रंगमंच से फिल्मों तक का बेहतरीन सफर तय किया शशिकपूर ने: वत्स

**हमारे संवाददाता**

नई दिल्ली । नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म फॉउंडेशन ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयानंद वत्स ने सदाबहार फिल्म अभिनेता शशिकपूर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री वत्स ने कहा कि शशिकपूर के निधन से रंगमंच और फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। शशिकपूर एक बेहतरीन अभिनेता, जिम्मेदार निर्माता , निर्देशक थे। पृथ्वी थियेटर के संचालन के प्रति उनका लगाव जगजाहिर था। जुनून, कलयुग, 36 चौरंगी लेन, उत्सव और विजेता उनके प्रोडक्शन हाउस फिल्मवाला की कालजयी फिल्में हैं। शशिकपूर ने सैकड़ों हिंदी फिल्मों में काम किया था लेकिन दीवार का एक ही दृश्य और एक ही डॉयलॉग उनके केरियर के मुकुट में कोहिनूर की भांति जडित हो गया मेरे पास मां है। शशिकपूर हिंदी फिल्मजगत के सबसे खूबसूरत हीरो थे। उनके फैन कभी भी उन्हें भुला नहीं पाएंगे।

## दिल्ली सरकार ने नहीं दिखाई क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट को लागू करने की हिम्मत : गुप्ता

**हमारे संवाददाता**

नई दिल्ली । विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता ने आज कहा कि दिल्ली सरकार मैक्स, फार्टिस जैसे बड़े प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी पर लगाम लगाने में बुरी तरह असफल रही है। इसका मूल कारण है कि वह अब तक केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 2010 लागू करने का साहस नहीं दिखा पाई है। उसने अनैतिक प्राइवेट अस्पतालों और शक्तिशाली मेडिकल लॉबी के दवाब में अभी तक इस बिल को राजधानी में लागू नहीं होने दिया है।

विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार के कायरतापूर्ण रवैये के चलते आम आदमी को आज तक डॉक्टरों की लापरवाही, इलाज में लूट, गलत इलाज और पैसा बनाने के चक्कर से आजादी नहीं मिल पाई है। दरअसल इस एक्ट के लागू हो जाने के बाद खासकर प्राइवेट अस्पतालों की कमाई पर सीधा असर पड़ेगा। इस कानून में चिकित्सा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए सारे नियम कायदे हैं। इनके चलते कोई डॉक्टर या अस्पताल मरीज से मनमानी नहीं कर सकता। उनसे अनाप-शनाप पैसे नहीं बसूले जा सकते। उनके इलाज में लापरवाही नहीं बरती जा सकती। यह सब आम आदमी के हित में है, मगर इससे चिकित्सकों की जवाबदेही तय है। इस भय से कुछ स्वार्थी चिकित्सा संगठन और चिकित्सक इस कानून को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देना चाहते। विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार ने गरीब मरीजों के स्थान पर उन चिकित्सा संगठनों और चिकित्सकों के हितों को साधा जो स्वार्थवश प्रारम्भ से ही इस नए कानून का विरोध करते आ रहे हैं। उनका तर्क यह था कि इलाज का खर्च महंगा हो जायेगा। विपक्ष के नेता ने कहा कि दरअसल इसके कारण कुछ ओर ही हैं। इससे अस्पतालों की मनमानी पर अंकुश लगने जा रहा था। परन्तु इनके विरोध के चलते स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन अप्रैल, 2015 में चिकित्सा संगठनों और चिकित्सकों को आश्वासन दिया था कि वे दिल्ली विधान सभा में क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 2010 के स्थान पर डॉक्टर-हितैसी बिल लेकर आयेंगे। परन्तु आज तक सरकार मरीजों के हितों की रक्षा करने वाला क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट लेकर आने की हिम्मत नहीं कर पाई। उसकी चुप्पी से कायरता झलकती है।

स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने चिकित्सा जगत को 2015 में दिये गये वायदे को बखूबी निभाया उन्होंने सुनिश्चित किया कि ये बिल लागू न हो। विपक्ष के नेता ने मांग करी सरकार चिकित्सा संगठनों और चिकित्सकों के हितों को न साधकर आम आदमी के हित में क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 2010 विधान सभा में जल्द से जल्द पारित करवाये।

**हमारे संवाददाता**

नई दिल्ली । श्री राम जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन में विगत 500 वर्षों में अपने प्राणों की आहूति देने वाले पांच लाख बलिदानियों की स्मृति में नई दिल्ली में भव्य बलिदानी स्मारक के निर्माण का शुभारंभ आगामी 6 दिसम्बर 2017 से किया जा रहा है। स्मारक का भूमि पूजन हिन्दू महासभा भवन परिसर, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली में विगत 13 फरवरी 2016 को साधु-संतों के पावन सन्निध्य एंव मार्गदर्शन में किया गया था।

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट (हिन्दू संगठनों का समूह) की ओर से देश के कलंक बाबरी ढांचे के विध्वंस की 25वीं वर्षगाठ पर 6 दिसम्बर 2017 को इस बलिदानी स्मारक के निर्माण का कार्य विधिवत् रूप से साधु-संतों के मार्गदर्शन में शुरू किया जा रहा है। स्मारक पर श्री राम ज्योति 24 घण्टे प्रज्जवलित रहेगी और 24 घण्टे ही यहां श्री राम नाम का अखण्ड जाप होता रहेगा। इसके लिए अयोध्या से विशेष रूप से श्री राम ज्योति दिल्ली लाई जाएगी।

फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत श्री नारायण गिरी जी महाराज (पीठाधीश्वर, दूधेश्वरनाथ पीठ, गाजियाबाद) और अंतर्राष्ट्रीय महासचिव श्री जय भगवान गोयल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना) ने बताया कि श्री राम जन्म भूमि मुक्ति के लिए सन् 1528 से लेकर अब तक के 76 युद्धों एवं आंदोलनों में लगभग 5 लाख बलिदानी अपने प्राण न्यौछावर कर चुके हैं। इन महान बलिदानियों को देश भूला चुका है लेकिन यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने सर्वप्रथम इन्हें स्मरण करते हुए उनकी याद में भव्य स्मारक बनाने का निर्णय लिया है। विगत एक वर्ष में इसके लिए जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा था जिसके अंर्तगत राजधानी एवं एनसीआर के विभिन्न मंदिरों में शिविर लगाकर श्री राम नाम की लघु पुस्तकें भरवाकर जनसाधारण को इस अभियान के साथ जोड़ा जा रहा है। बाबरी ढांचे के विध्वंस की वर्षगांठ पर 6 दिसम्बर से स्मारक के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। समारोहपूर्वक किए जा रहे शुभारंभ में अनेक शीर्षस्थ साधु-महात्मा, धार्मिक एवं आध्यात्मिक नेता, शंकराचार्य, मठाधीश व राजनीतिक नेता सम्मिलित होंगे। समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों व हिन्दुवादी नेताओं को आमंत्रित